# राजकीय महाविद्यालय पनारसा

Government College Panarsa, District Mandi (H.P.)

**NSP SCHOLARSHIP UPDATE (2026-27)**

## राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP) - नई छात्रवृत्ति व्यवस्था

सत्र 2026-27 से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP) पर एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब छात्रों के लिए **“One Student – One Scholarship”** के स्थान पर **“One Student – Multiple Scholarships”** व्यवस्था लागू कर दी गई है।

### मल्टीपल छात्रवृत्ति का अवसर

अब पात्र विद्यार्थी अपनी नियमित **कल्याणकारी छात्रवृत्ति (Welfare Scholarship)** के साथ-साथ अपनी योग्यता के आधार पर **मेधा-आधारित (Merit-Based) छात्रवृत्ति** का लाभ एक साथ प्राप्त कर सकते हैं।

### पारदर्शिता एवं सरलता

यह नई व्यवस्था मेधावी और जरूरतमंद दोनों श्रेणियों के विद्यार्थियों को अधिक आर्थिक संबल प्रदान करेगी तथा NSP पोर्टल के माध्यम से संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी रहेगी।

## छात्रों के लिए मुख्य दिशा-निर्देश (Important Instructions)

- **नियमित पोर्टल जांच:** NSP पोर्टल (National Scholarship Portal) पर अपनी श्रेणी के अनुसार उपलब्ध छात्रवृत्तियों की नियमित जांच करते रहें।
- **दस्तावेज सत्यापन:** आवेदन करने से पूर्व अपनी पात्रता तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र/दस्तावेज़ों का मिलान व सत्यापन सुनिश्चित करें।
- **समयबद्ध आवेदन:** नए (Fresh) एवं नवीनीकरण (Renewal) दोनों प्रकार के आवेदन अंतिम तिथि से पूर्व जमा करें।
- **सही बैंक विवरण:** अपना व्यक्तिगत आधार-लिंक्ड बैंक खाता विवरण और आधार संख्या सही दर्ज करें।
- **कॉलेज नोडल अधिकारी संपर्क:** किसी भी मार्गदर्शन के लिए कॉलेज के छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ से संपर्क करें।

**विशेष सहायता एवं परामर्श हेतु संपर्क करें:**

**डॉ. मनीष सूद (Dr. Manish Sood)**

नोडल अधिकारी - छात्रवृत्ति [Nodal Officer - Scholarships]
राजकीय महाविद्यालय पनारसा, जिला मंडी (हि.प्र.)